हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

06 परिजनों में आक्रोश: थाना के सामने शव रखकर दो...



07 नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन को लिए पीठासीन...





## खबर संक्षेप में



### सोलर रूफ टॉप के लिए कैंप का किया आयोजन

**नलखेड़ा।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वितरण केंद्र अंतर्गत सोलर रूफ टॉप के संबंध में कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार को कंपनी के कार्यालय पर सोलर रूफ टॉप संबंधित कैंप का आयोजन हुआ जिसमें कनिष्ठ यंत्री अमित मिश्रा द्वारा उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सोलर लगवाने के लिए प्रेरित करते हुवे घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी प्रदान की।

### अवकाश में खुलेंगे बिल भुगतान के लिए केंद्र

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 7 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती), 21 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा), समस्त शनिवार एवं समस्त रविवार (05, 12, 19 एवं 26 अक्टूबर)को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

### विधायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे मौजूद

# बगलामुखी मंदिर पर कांग्रेसजनों ने प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने किया यज्ञ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा सुसनेर क्षेत्र सहित जिले के किसानों को अपनी खराब हुई खरीफ फसलों के मुआवजे से वंचित रखने के बाद कांग्रेस जनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय विधायक भैरोंसिंह परिहार बापू के नेतृत्व में मां बगलामुखी मंदिर परिसर पर प्रदेश नेतृत्व को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। वहीं मां के चरणों में एक अर्जी भी समर्पण की गई।

सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान एकत्रित हुए। जहां उनके द्वारा मां बगलामुखी माता के चरणों में एक पत्र अन्नदाताओं को न्याय दिलवाने एवं सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु अर्पण किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में बनी यज्ञशाला पर हवन-पूजन कर मुख्यमंत्री से किसानों को मुआवजा देने की प्रार्थना की गई। विधायक भैरोंसिंह परिहार बापू ने कहा कि मां बगलामुखी सीएम को ऐसा सपना दें जिससे उन्हें यह समझ आए कि किसानों का परोपकार तभी होगा जब उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, लेकिन मुआवजे की रिपोर्ट में नुकसान को शून्य दिखाया गया है। यज्ञ में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए। सभी के द्वारा एक स्वर में सरकार से मांग की गई कि फसल सर्वे की पुनः जांच कराकर सभी प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाए। नगर सहित जिले में कांग्रेस का यह अनोखा विरोध अब चर्चा का विषय बन गया है।

# नाले की क्षतिग्रस्त पुलिया में हुआ बड़ा सा गड्ढा, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



विगत दो वर्षों से अधिक समय से क्षतिग्रस्त वार्ड क्रमांक 6 में नाले की पुलिया पर एक बड़ा गड्ढा हो गया है जिसके चलते दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। क्षतिग्रस्त पुलिया का वार्ड पार्षद, पूर्व नप अध्यक्ष व अन्य ने निरीक्षण कर तत्काल नवीन पुलिया निर्माण की मांग की गई। नगर से डोकरपुरा सहित अधिकांश शासकीय कार्यालयों में पहुंचने वाले मार्ग पर वार्ड क्रमांक 6 में स्थित नाले पर एक वर्षों पुरानी पुलिया है जोकि गत दो वर्षों से भी अधिक समय से क्षतिग्रस्त है। पूर्व में इसकी स्लैब का निचला हिस्सा गिर चुका है जिसके कारण यह काफी कमजोर हो गई है। इसी के चलते नगर परिषद द्वारा पूर्व में इस पर से चौपहिया वाहन नहीं निकले इसके लिए पिल्लर बना कर मार्ग अवरोध कर दिया गया था लेकिन कुछ माह बाद ही पिल्लर टूट जाने के बाद यहां से चौपहिया वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो गया।

पूर्व एल्डरमैन दिनेश धूपिया ने बताया कि वर्तमान में पुलिया की स्लैब में एक बड़ा गड्ढा हो गया है जोकि आरपार हो गया है। इस गड्ढे के हो जाने से अब पुलिया और भी कमजोर हो गई है जिसके चलते यहाँ दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इतना बड़ा गड्ढा होने के बाद भी यहाँ से चौपहिया वाहनों का आवागमन जारी है जबकि गड्ढे के आसपास का मटेरियल लगातार गिरता जा रहा है। ऐसे में किसी वाहन का पहिया गड्ढे के आसपास से भी निकल गया तो दुर्घटना हो सकती है। नगर पंचायत द्वारा गड्ढे पर मात्र एक बेरिकेट रखकर इतिश्री कर ली गई है। सोमवार को क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम राठौर, पार्षद प्रतिनिधि मनोज गायरी व पूर्व एल्डरमैन दिनेश धूपिया द्वारा किया गया जहाँ उनके द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नवीन पुलिया का निर्माण करने की मांग की गई। जिससे की किसी भी दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया जा सके।

### इनका कहना है

नवीन पुलिया निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। परिषद से स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ करवा दिया जाएगा। पुलिया पर आवागमन बंद करने के लिए सोमवार को दोपहर में दोनों ओर मुरम डलवा दिया गया है।

**बाबूसिंह राजपूत, सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा**

### कांग्रेस विधायक ने की प्रेसवार्ता

# बोले- किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश के 13 जिलों में अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसल का सरकार द्वारा मुआवजा राशि डालने और आगर मालवा जिले को इससे वंचित रखने पर किसानों में आक्रोश है और उनके द्वारा लगातार इसको लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसीको लेकर बीजेपी जिला अध्यक्ष और पार्टी के ही पूर्व विधायक के विरोधाभासी बयान के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना दिया। सोमवार को सुसनेर विधायक भेरूसिंह बापू ने जिला मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि एक तरफ बीजेपी के जिला अध्यक्ष मुआवजा राशि को लेकर बयान देते हैं कि फसल नुकसानी का सर्वे चल रहा है और जल्द किसानों को मुआवजा मिलेगा। वहीं इस बयान के बाद सुसनेर से पूर्व विधायक जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजी गई सर्वे रिपोर्ट भेजते हैं, जिसमें जिले में नुकसानी का आकलन निरंक बताया जाता है। उन्होंने बीजेपी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी किसानों को लेकर राजनीति करना बंद करे। प्रेसवार्ता में कहा यदि सरकार ने किसानों के खातों में जल्द मुआवजा राशि नहीं डाली तो वह किसानों के साथ आंदोलन करेंगे।

गौरतलब है कि भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने गत दिनों कहा था कि जिले में फसल नुकसानी का सर्वे जारी है, और जल्द मुआवजा किसानों को मिलेगा, वहीं पार्टी के ही पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने जिला प्रशासन की ओर से शासन को भेजी गई सर्वे रिपोर्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा कर दी, जिसमें जिले में फसल नुकसान शून्य बताया गया है। यह रिपोर्ट सामने आने के बाद किसान संगठनों और विपक्षी दलों में उबाल है।

### किसानों में आक्रोश, मंडी में फिर उठी आवाज

मुआवजा को लेकर किसानों ने पहले भी छावनी चौराहे और मंडी परिसर में प्रदर्शन किया था। कई जगहों पर नीलामी रोककर विरोध जताया गया, जबकि कुछ संगठनों ने राज्य सरकार से सर्वे रिपोर्ट पुनः तैयार करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अतिवृष्टि और पीला मोजेक वायरस से उनकी पूरी फसल बर्बाद हो गई, ऐसे में ह्लशून्य नुकसानह्व का आंकड़ा वास्तविकता से कोसों दूर है। इधर जिला प्रशासन द्वारा पुन सर्वे कार्य किया जाकर शासन को रिपोर्ट जल्द भेजने की बात कही जा रही है। अब किसान को मुआवजा मिलेगा या नहीं यह तो समय की गर्त में है, लेकिन मुआवजा को लेकर जिले में आरोप प्रत्यारोप सहित राजनीति तेज हो गई है।

### कन्याओं ने भोजन मंत्र बोलकर ग्रहण की प्रसादी

# नवरात्रि के समापन पर कन्याभोज हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



शारदीय नवरात्रि के समापन पर सोमवार को कन्याभोज का आयोजन हुआ। मां बिजासन मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व के समापन पर मां बिजासन माता मंदिर के पास स्थित मांगलिक भवन में सोमवार को कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। मंडल द्वारा आयोजित कन्याभोज में नगर की बालिकाओं सहित नगर के शासकीय व अशासकीय स्कूल में पढ़ने वाली अन्यत्र गांवों की छात्राओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। वहीं मां बिजासन भक्त मंडल समिति के सदस्यों द्वारा कन्याओं के भाल पर तिलक लगाकर उपहार राशी भेंट की गई। कन्या भोजन में आने वाली बालिकाओं ने भोजन से पहले हाथ जोड़कर भोजन मंत्र बोलने के बाद प्रसादी ग्रहण की। कन्या भोजन में मां बिजासन मित्र मंडल के साथ नगर के लोगों का सहयोग रहा।

# गरबा महोत्सव प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर परिषद और मां बिजासन महिला मंडल द्वारा नवरात्रि में आयोजित सात दिवसीय गरबा महोत्सव में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया। गरबा महोत्सव को लेकर नगर की बालिकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद और मां बिजासन महिला मंडल द्वारा नवरात्रि के पहले दिन से ही सरस्वती शिशु मंदिर ग्राउंड में पांडाल सजाकर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें नगर की बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही परंपरागत वेशभूषा में बालिकाओं ने मनमोहक गरबा प्रस्तुति दी। सात दिवसीय गरबा महोत्सव में अपनी प्रतिभा से आयोजन को सफल बनाने वाली युवतियों को नगर परिषद द्वारा प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। गरबा महोत्सव के समापन के पर नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाबूलाल बीजापारी, सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, भाजपा नेता मनीष शर्मा, पार्षद विजय लक्ष्मी माली आदि ने बालिकाओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।


# चिकित्सा शिविर में 115 मरीजों का हुआ उपचार



**नलखेड़ा।** भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ हिन्दू जागरण मंच की प्रांत संयोजिका चित्रा दीदी, विहिप के जिलाध्यक्ष किशोर बैरागी, एसडीओपी देवनारायण यादव द्वारा मां बगलामुखी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज व सीआर गार्डी अस्पताल उज्जैन के सहयोग से आयोजित शिविर में जनरल फिजिशियन जनरल सर्जनमहिला व प्रसूति विशेषज्ञ हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ शिशु रोग नेत्र रोग चर्म रोग नाक कान गला रोग दंत रोग विशेषज्ञ सहित कैंसर व बांझपन रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। जिनके द्वारा 115 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। इसके साथ ही 7 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन अथवा निशुल्क उचित उपचार हेतु उज्जैन चिकित्सालय ले जाया गया।

### चल समारोह निकालकर धूमधाम से मनाया जाएगा उत्सव

# गुरु टेकचंद समाधि उत्सव आज



**कानड़।** अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य देव गुरु टेकचंद महाराज का 214वां समाधि उत्सव मंगलवार को शरद पूर्णिमा पर समाज द्वारा मनाया जाएगा। समाजजन द्वारा दर्जी सेरी स्थित समाज के मंदिर से प्रातः 9 बजे चल समारोह निकला जाएगा। चल समारोह दर्जी मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गो से निकलते हुए माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन पर पहुंचेगा जहां गुरु टेकचंद महाराज की महाआरती के बाद समाजजनों के भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

# अजमीढ़ जयंती पर स्वर्णकार समाजजनों ने नगर में निकाली शोभायात्रा



**नलखेड़ा।** स्वर्णकार समाज के आराध्य देव अजमीढ़ जयंती पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई एवं समापन अवसर पर समाज के बुजुर्गजनों का सम्मान किया गया। सोमवार दोपहर स्वर्णकार समाज धर्मशाला से स्वर्णकार समाज द्वारा अजमीढ़ जयंती पर शोभायात्रा नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में आगे आगे समाज के बालक बालिकाएं अश्वो पर सवार हो धर्मध्वजा लिए हुए थे। समाज के युवा ढोलक की थाप पर थिरकते चल रहे थे। महिलाएं व युवतियां भी ढोलक की थाप पर गरबा करते व नृत्य करते चल रही थीं।

शोभायात्रा में फूलों से सुसज्जित एक रथ में महाराजा अजमीढ़जी का चित्र रखा था। जिनका स्थान स्थान पर पूजन किया जा रहा था। शोभायात्रा का स्थान स्थान पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में राधा कृष्ण के रूप में कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। प्रमुख मार्गों से होती हुई शोभायात्रा स्वर्णकार समाज धर्मशाला पहुंची जहां समापन अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के बुजुर्गजनों का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया।



### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन में मुनि विवर्धन सागर बोले...

# सुख पर द्रव्यों में नहीं अपनी आत्मा में ही मौजूद है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ज्ञान ही सबसे बड़ा धन है, गुरु से बड़ा कोई दानी नहीं है। स्वाध्याय करके हमें ज्ञान प्राप्त करना चाहिए तभी जीवन का कल्याण होगा। पुण्य का जब योग होता है तो संसार के सुख अच्छे लगते हैं। लेकिन जब कर्म का उदय आता है, पाप कर्म सामने आते तब यहीं संसार अच्छा नहीं लगता है। मनुष्य पर द्रव्यों में सुख खोजता है, लेकिन सुख तो उसकी अपनी आत्मा में ही है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि कोई धन के कारण दुःखी है तो कोई धन की तृष्णा के कारण दुःखी रहता है। संसार में कोई सुखी नहीं है। दान बिना निर्धन दुःखी, तृष्णा वश धनवान। कोई सुख नहीं संसार में, सब दूर देखयों छान। उन्होंने कहाकि हमने पुद्गल द्रव्यों को कई बार देखा है। भटकते-भटकते इस प्राणी ने संसार में बहुत कष्ट उठाये हैं। संसार महा दुःख का सागर है, लेकिन हमको संसार में सुखमय आभास होता है। जिसको धर्म में आनंद नहीं आता वह धर्म का रहस्य समझ नहीं पाता है। वह संसारी है। जब पुण्य का योग होता है तो संसार के सुख अच्छे लगने लगते हैं। लेकिन जब कर्म का उदय आता है, पाप कर्म सामने आते हैं तब यही संसार अच्छा नहीं लगता है, तथा समय लंबा लगता है।




मुनिश्री ने बताया कि जब यहां लगने लगे कि मुझको कंचन, कामिनी, प्रमादों में क्षण भर भी सुख नहीं मिला। इस प्रकार के भाव का अगर पालन हो तब संसार में आनंद नहीं आएगा। धर्म में ही आनंद आएगा। जो प्रतिदिन अभिषेक, पूजा नहीं करते हैं उनके लिए धर्म अभी बहुत दूर है। मुनिश्री ने कहाकि हम पर द्रव्यों में सुख खोजते हैं, लेकिन सुख तो हमारी अपनी आत्मा में ही है। धर्म के मार्ग पर बढ़ते रहे मन को धर्म मय बनाते हुए धर्म के पथ पर बढ़ते जाएं। अपनी आत्मा को धर्म मय बनाये। अपनी आत्मा भी भगवान के समान ही है। जैसे भगवान है, वैसे ही हम हैं। बस इतना अंतर है कि हम रागी हैं और वहां वीतरागी है। हम सबको धर्म में पुरुषार्थ करना है, ऐसा पुरुषार्थ करें जिससे हमारा जीवन सफल हो जाए। जिसने सम्यक दर्शन प्राप्त कर लिया उसका उत्थान निश्चित है। आठों कर्मों का क्षय (नष्ट) करके अपने जीवन को सफल बनाना है।

**खबर संक्षेप**

### खांसी के सिरप के संबंध में खाद्य व औषधि विभाग ने जारी किए निर्देश



**देवास।** उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास की ओर से समस्त औषधि विक्रेताओं को एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को सतर्कता के निर्देश जारी कर कहा गया है कि जिले के सभी औषधि विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि वे केवल पंजीकृत चिकित्सक द्वारा निर्धारित की गई औषधि और सिरप ही नागरिकों को प्रदान करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की औषधि या सिरप की बिक्री नहीं की जाए। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने अपील की है कि नागरिक भी सावधानी बरतें और किसी भी दवा या सिरप का उपयोग डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्लोरफेनिमाइन मेलिएट आईपी एवं फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड के समस्त उत्पाद के सभी निर्माताओं को दवा के लेवल और पैकेज इंसर्ट/प्रमोशन लिटरेचर पर चेतावनी एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए का उल्लेख करना अनिवार्य है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के पर्चे के बिना ना किया जाए। उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए न किया जाए, यदि ये एफडीसी रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के पर्चे पर 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अंकित की गई है तो मरीज को इन दवाओं को देने से पहले रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर से पुनः परामर्श करने का सुझाव देवें। यह सुनिश्चित करें कि उल्लेखित एफडीसी के पैकेज इंसर्ट/ प्रमोशन लिटरेचर पर चेतावनी एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाएगा।

उप जेल बागली में उपचार के दौरान एक कैदी की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

# परिजनों में आक्रोशः थाना के सामने शव रखकर दो घंटे तक किया चक्का जाम

परिजनों ने जेल अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



उप जेल बागली में विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। जानकारी अनुसार रविवार को 4 बजे कैदी के सीने में दर्द होने लगा, तभी उसे शासकीय अस्पताल बागली लाया गया, जहां उपचार करने के बाद वापस उसे जेल पहुंचाया गया।

शाम 7 बजे पुनः कैदी की तबियत बिगड़ने पर बागली अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सक ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार मृतक कैदी रामप्रसाद पिता कैलाश निवासी हाटपिपल्या उम्र 30 वर्ष है। मृतक वन अपराध में बीते 4-5 माह से उप जेल बागली में बंद था। मामले में मृतक के परिजनों का कहना है कि उप जेल विभाग व्दारा परिवार के लोगों को समय पर सूचना नहीं दी गई। जेल विभाग व्दारा लापरवाही बरती गई। सोमवार को मृतक के शव का तहसीलदार नीरज प्रजापत, थाना प्रभारी प्रदीप राय व चिकित्सकों की पैनल की उपस्थिति में पीएम किया गया।

### दोनों ही विभाग जिम्मेदार

मृतक के परिजन मुकेश भीलवाड़ा, रमेश भीलवाड़ा,संजय भीलवाड़ा, अनिल बोरानी ने जिम्मेदार जेल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि समय रहते जेल के अधिकारियों द्वारा परिजनों को जानकारी नहीं दी गई। अस्पताल में जब मृतक को उपचार के लिए लाया गया, तब उचित उपचार करने के बजाय प्राथमिक उपचार कर रवाना कर दिया गया, जिसमें दोनों की लापरवाही है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में बिना जांच कर इंजेक्शन भी लगाया गया था, जिसके कारण रामप्रसाद की मौत हुई है।नाराज परिजनों ने हाटपिपलिया में पुलिस थाना के सामने नेवरी चापडा मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

### परिवार के लोगों को नहीं दी जानकारी

परिवार की महिलाओं का कहना है कि मृतक के दो बच्चे हैं और आर्थिक स्थिति खराब है, यदि उसका स्वास्थ्य खराब था तो जेल विभाग के अधिकारियों को परिवार के लोगों को बताना था। हम उसका बड़े अस्पताल में उपचार करते तो शायद राम प्रसाद की जान बच सकती थी, लेकिन जेल विभाग के अधिकारियों ने परिवार को समय रहते सूचना नहीं दी एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने भी ठीक से जांच नहीं की। मृतक राम प्रसाद ड्राइवरी करता था और इस दौरान वन विभाग के मामले में 7 मई को उसे जेल भेजा गया था। हाटपिपल्या में मृतक के परिजनों ने मृतक की पत्नी व बच्चों के लिए आर्थिक सहायता व उत्तरीय जांच की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। एसडीओपी सृष्टि भार्गव, हाटपीपल्या तहसीलदार सोनम भगत के आश्वासन के बाद चक्का जाम ख़त्म किया गया। लगभग दो घंटे तक परिजनों ने सड़क पर चक्का जाम किया। जिसके कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### पीएम के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

मामले में बागली तहसीलदार नीरज प्रजापत ने बताया कि पैनल की उपस्थिति में पीएम किया गया है। मामले की जांच कर रहे हैं,पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वही बीएमओ डॉ. हेमंत पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टि से हृदय गति रूकने से मौत होना बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट होगा। वही बागली उपजेल प्रभारी शर्मा ने बताया कि तबीयत खराब होने की जानकारी लगते ही कैदी को शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। सीने में दर्द होना कैदी बता रहा था। पूरे मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**इनका कहना है**

मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार जनों को आश्वासन दिया गया है पूरे मामले में वरिष्ठ अधकारियों के मार्गदर्शन में निष्पक्ष जांच होगी।

**प्रदीप राय,** थाना प्रभारी बागली

# बागली संकुल के सरकारी स्कूल में शिक्षक ने की अश्लीलता की हद पार

**शिक्षक को किया निलंबित**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले उदयनगर क्षेत्र में एक शर्मशार करने वाला विडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शिक्षक आपत्ति जनक स्थिति में एक महिला के साथ रंगरेलियां मनाते हुए दिखाई दे रहा है। शिक्षक विक्रम कदम स्कूल टाइम में ही क्लासरूम के अंदर महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पाया गया। चुपके से कुछ स्कूली बच्चों ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, आरोपी शिक्षक ने वीडियो को फेक बताया है। मामला ग्राम पंचायत बिसाली के शासकीय प्राथमिक विद्यालय, झिरी मोहल्ला का है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक विक्रम कदम कई सालों से यहीं पदस्थ है। वह लंबे समय से ऐसी हरकतें कर रहा है। बच्चों के सामने भी कई बार महिला के गले में हाथ डालकर बैठा रहता था। रविवार को सामने आया वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दो दिन पहले भी गांव के पटेल और उपसरपंच ने सबके सामने उसे समझाया था, लेकिन वह नहीं माना। पहले संकुल (स्कूल समूह) में भी इस बारे में शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से शिक्षक के हौसले बुलंद थे। आरोपी शिक्षक विक्रम कदम ने सभी आरोपों को खारिज किया। उसका कहना है- मेरा फेक वीडियो बनाया गया है। जिसकी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में आवेदन देना आया हूं। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय ने कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिख रहे शिक्षक विक्रम कदम को निलम्बित कर दिया है।

### युवक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**देवास।** परमानंद कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परमानंद कॉलोनी निवासी अमन पिता आरिफ पठान के रूप में हुई है। पड़ोसियों के अनुसार, अमन विवाहित था और पीओपी का काम करता था। जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, यह अभी अज्ञात है।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, पुलिस जांच में जुटी




**देवास।** सोमवार सुबह एक सडक़ हादसे में 22 वर्षीय युवक कृष्णपाल राजपूत की मौत हो गई। रोजड़ी नेवरी निवासी कृष्णपाल अपनी बाइक से सब्जी मंडी जा रहे थे, तभी रोजड़ी गोशाला के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, कृष्णपाल सुबह करीब 6.30 बजे देवास सब्जी मंडी में धनिया बेचने जा रहे थे। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल देवास जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने कृष्णपाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश तथा हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। मृतक कृष्णपाल खेती किसानी का कार्य करते थे और अविवाहित थे। उनके परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है।

# वोट चोरी को लेकर शहर कांग्रेस ने जन जागृति अभियान के तहत शुरू किया हस्ताक्षर अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वोट चोरी को लेकर पिछले दिनों राहुल गांधी ने प्रमाण सहित यह बताया था कि किस तरह से वोट की चोरी की जा रही है एवं लोग जो सरकार चूनना चाहते हैं वह नहीं चुनकर जन भावनाओं के विपरीत परिणाम की सरकार बन रही है। सोमवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में एवं वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद दीपेश कानूनगो के मार्गदर्शन में उज्जैन रोड स्थित बीमा अस्पताल चौराहे पर वोट चोरी जन जागृति अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसे संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित वरिष्ठ नेताओं ने कहा आज केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में धांधली कर फर्जी वोटरों के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है, जिसके प्रमाण कांग्रेस द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए हैं।

बावजूद आज तक कोई सकारात्मक कार्रवाई इसको लेकर नहीं की गई यह जनता के साथ अन्याय है, उनके अधिकारों की चोरी है। इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से हम आप लोगों के बीच आए हैं आपसे अनुरोध है कि हमारे इस अभियान में आप सहयोग करें और एक हस्ताक्षर अवश्य करें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने किया।

हस्ताक्षर कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, नजर शेख, गुरु चरण सलूजा, रोशन रायकवार, विक्रम मुकाती, विक्रम पटेल, आबिद खान, कल्याण पवार राहुल पवार सुजीत सांगते, साधना प्रजापति, दिलीप परमार, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, दिग्विजय सिंह झाला, राजेश राठौर, अनिल गोस्वामी, जितेंद्र सिंह गौड़, राजू दरबार आरती परमार, डॉ मंसूर शेख, नरेंद्र यादव, श्याम पटेल, निलेश वर्मा, एजाज शेख, जितेंद्र सिंह मोंटू, शंकर राज चंदानी, अविनाश जेठवा, मनोज हेतावल, मनोज सांगते, शाहजी हाशमी, विपिन प्रजापति, रूपेश कल्याणे, मदन लाल जेठवा, वीरेंद्र परदेसी, आरिफ मेव, डॉक्टर लियाकत, मोनू चौहान, वीरेंद्र सिंह परदेसी, शकील लक्की, महेश राजपूत, कालू सिंह, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# जिला अभिभाषक संघ सहसचिव ठाकुर ने दिया इस्तीफा, कार्यकारिणी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला अभिभाषक संघ देवास में आंतरिक असंतोष एक बार फिर खुलकर सामने आया है। संघ की कार्यकारिणी के सहसचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने पद से त्यागपत्र सौंप दिया है। उन्होंने वर्तमान कार्यकारिणी पर अधिवक्ताओं के हितों की उपेक्षा करने, मनमानी करने और संघ के संसाधनों के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। सहसचिव ठाकुर ने अपने त्यागपत्र में उल्लेख किया है कि 07 मार्च 2024 को हुए निर्वाचन में दो वर्ष की अवधि के लिए उनका निर्वाचन हुआ था, और 12 मार्च को उन्होंने पदभार ग्रहण किया था। परंतु, उनके अनुसार कार्यकारिणी ने अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत कार्य करते हुए वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी की, यहां तक कि न्यायाधीशों और न्यायालय स्टाफ द्वारा अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और हमलों पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। त्यागपत्र में आगे कहा गया है कि कार्यकारिणी अधिवक्ताओं की मेहनत की बचत राशि न्यायाधीशों पर खर्च कर रही है, जबकि अधिवक्ताओं के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। साथ ही, सहसचिव ने आरोप लगाया कि चेंबर बिल्डिंग का शिलान्यास एवं नामकरण कार्यकारिणी द्वारा बिना साधारण सभा बुलाए किया जा रहा है, जो संघ के संविधान के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से साधारण सभा बुलाने का आग्रह किया गया, लेकिन अध्यक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन भी अध्यक्ष के निजी घर पर किया जा रहा है, जबकि संघ का अपना कार्यालय मौजूद है। सहसचिव ने कहा कि वे "दुषित कार्यशैली और अधिवक्ता हितों की उपेक्षा" से आहत हैं और ऐसी कार्यकारिणी का हिस्सा बने रहना उनके लिए संभव नहीं है। कार्यकारिणी द्वारा अधिवक्ता हितों के विपरीत कार्यों के लिए में हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा। मेरे लिए अधिवक्ता हित सर्वोपरि है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से क्षमा मांगते हुए कहा कि वे संघ के सदस्यों द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा नहीं उतर सके, जिसके लिए उन्हें आजीवन खेद रहेगा।

पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जिला कार्यबल की बैठक आयोजित

# 12 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में पल्स पोलियो अभियान का सफल क्रियान्वयन के लिए अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में जिला कार्यबल की बैठक आयोजित कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहें।

अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में कचरा गाड़ियों से माइकिंग करवाए, बैनर पोस्टर लगवाए, और सकारात्मक वातावरण के साथ जनप्रतिनिधियों से सहयोग समन्वय कर शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाए। 12 अक्टूबर 2025 को रविवार अवकाश दिवस है। सभी शासकीय सेवक मुख्यालय पर रहे। समस्त शासकीय एवं समाजसेवी संस्थाएं नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में सहभागिता कर सहयोग सुनिश्चित करेंगे। सोलंकी ने अभियान की मॉनिटरिंग करने, कन्ट्रोल रूम के माध्यम से रिपोर्ट और फीडबैक लेने के निर्देश दिए। सभी जिला स्तर प्रशासनिक अधिकारी, विभाग प्रमुख और ब्लॉक स्तर पर एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, बीएमओ के समन्वित प्रयासों सभी बच्चों को पोलियो की दवाई पिलवाई जाए।

पोलियो बूथ पर साज-सज्जा की जाए। अभियान का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से करवाए। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 1791 बी एवं सी बूथ बनाए गए है। जिसमें 1247 बी बूथ एवं 544 सी बूथ बनाए गए है, इसी प्रकार ट्रांजिट टीम 42 एवं मोबाईल टीम 19 है। देवास जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के कुल 01 लाख 90 हजार 366 बच्चे पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलाने हेतु चिन्हित किये गये है। जिसमें देवास शहरी क्षेत्र 34 हजार 599, विकासखण्ड बरोठा 27 हजार 744, विकासखण्ड सोनकच्छ 20 हजार 540, विकासखण्ड टोंकखुर्द 15 हजार 809, विकासखण्ड बागली 38 हजार 288, विकासखण्ड खातेगांव 22 हजार 400 एवं विकासखण्ड कन्नौद 30 हजार 986 बच्चे है। इस हेतु आवश्यक वैक्सीन जिला वैक्सीन स्टोर के माध्यम से समस्त वैक्सीन फोकल प्वाईंट में समय पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

वैक्सीन के अतिरिक्त समस्त संसाधन जैसे वैक्सीन कैरियर, आईसपैक आईएलआर, डीपफ्रीजर, कोल्डबाक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा चुका है। वैक्सीनेटर व सुपरवाईजर के ड्युटी आदेश जारी किया जाकर उनका प्रशिक्षण सतत जारी है। जिसे 9 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, डब्लू.एच.ओ. एसएमओ डॉ.अभिषेक बछोतिया, आईएमए से डॉ. बीआर शुक्ला, नर्सिंग होम एसोसिएशन से डॉ. पुनीत माहेश्वरी, आईएपी से डॉ. महेश बावने, अमलतास कॉलेज से डॉ. प्रशांत, रोटरी क्लब से डॉ.सचिन नागर अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के सभी जिला कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, बीपीएम सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# ट्रस्ट का दशहरा मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लक्ष्मीपुरा स्थित मराठा समाज भवन में 5 अक्टूबर 2025 को क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा भव्य दशहरा मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और वकीलों का सम्मान करना रहा। इस गरिमामयी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार रहीं। मुख्य अतिथि राजे ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा और युवाओं के समग्र विकास पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज का भविष्य इन उभरते हुए प्रतिभावान युवाओं और समर्पित पेशेवरों पर टिका है। कार्यक्रम का सुचारु संचालन समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने किया, जिन्होंने अतिथियों और समाजजन के बीच एक सशक्त संवाद से माहौल को ऊर्जावान बनाए रखा। अंत में सचिव राजेंद्र लाड ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप




### चंदेल समाज का स्वभिमान रानी दुर्गावती: जिलाध्यक्ष चंदेल

**ललितपुर।** वीरांगना महारानी दुर्गावती चंदेल का 500 वा जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से ग्राम बनोनी में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि चंदेल समाज जिलाध्यक्ष शिवकुमार चंदेल, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष रानू चौसा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि अपने जीवन में 52 युध लड़े जिसमें 51 में विजय प्राप्त की एक ऐसी शासक थी, जिन्होंने अपने राज्य और देश के लिए प्राण त्याग दिये। रानू चौसा ने कहा कि रानी दुर्गावती चंदेल जो कार्य देश के लिए कर के गई उसी रास्ते पर चल कर हमे इस धरोधर कों बचा कर रखना है और आगे चल कर समाज के युवाओ कों समाज व देश हित में कार्य करना है। इस दौरान राजू चंदेल, रमेश चंदेल, भैयान चंदेल, सुरेश, कल्लन चंदेल, राजाराम, कपूरे चंदेल, जालम चंदेल, दिनेश, सरमन, उदम, पुष्पेंद्र, अनिल, नरेंद्र, धीरेन्द्र, रविन्द्र, छोटे राजा, राजकुमार चंदेल, रवि कुमार, ब्रजेंद्र, रामदयाल रहे। संचालन राजेश चंदेल बानपुर ने किया।

### पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** सदर चौकी अंतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। उसने बताया कि वह परिवार सहित बिरधा के ग्राम सतौरा मां दुर्गा पूजन के लिए गया हुआ था। 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वह प्रतिमा विसर्जन की तैयारी कर रहा था। तभी महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी संजय कुमार तिवारी पुत्र स्व.शोभाराम तिवारी उसकी 22 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री को भगाने में संजय तिवारी, रामबिहारी दुबे व उसकी पत्नी मनोरमा का सहयोग रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 61 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

---

380 में 5 कार्मिक रहे अनुपस्थित, कार्यालयाध्यक्षों को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

# नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन को लिए पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उप निर्वाचन 2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों-पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम का प्रशिक्षण मा0 कल्याण सिंह सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जहां मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान कार्मिकों को पार्टी रवानगी से लेकर मतदान सम्पन्न होने के बाद तक की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि 15 अक्टूबर को मतदान दिवस के दिन पूर्ण रुप से निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें, जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व रवाना होंगी। इस दौरान किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरान्त प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

## अनुपस्थित कार्मिकों का कल विकास भवन सभागार में होगा प्रशिक्षण



## कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया

प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व, पार्टी रवानगी, सामग्री वितरण, बूथ पर ड्यूटी, बूथ पर पहुंचने पर कार्यवाही एवं अगले दिन मतदान से पूर्व की तैयारियां तथा मतदान के उपरान्त के कार्यों आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि पार्टी रवानगी के समय अपने अपने बूथ पर तैनात कार्मिकों से परिचय प्राप्त कर मोबाइल नम्बर ले लें। सामग्री लेते समय सूची से मिलान कर लें कि सामग्री पूर्ण है या नहीं। इसके अलावा हैण्डबुक का अध्ययन अवश्य कर लें। यह भी बताया गया कि यहां बतायी जा रही बातों को ध्यान से अध्ययन कर लें, इसके बाद गूगल शीट के माध्यम से 25 प्रश्नों वाला एक्जाम भी लिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण का मूल्यांकन हो सके।

### 3 दिवस में कर्मचारियों के स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश

प्रशिक्षण के दौरान कुल 380 कार्मिकों में से 5 कार्मिक-देवकीनंदन सहाअ/पीठासीन अधिकारी उप्रावि महरौनी, महेन्द्र कुमार सैनी सहाअ /पीठासीन अधिकारी उ0प्रा0वि0 महरौनी, सतवंत सिंह वरि सहा प्रमअधि उप संभागीय अधिकारी कृषि प्रसार, पवन परिहार वरि सहा प्रमअधि राजघाट निर्माण खण्ड एवं राजीव मिश्रा कनि सहा प्रमअधि सिंचाई खण्ड अनुपस्थित रहे, जिनके कार्यालयाध्यक्षों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 3 दिवस के भीतर उक्त कर्मचारियों के स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए, साथ ही अवगत कराया गया कि अनुपस्थित कार्मिकों को दिनांक 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिलाया जाना सुनिश्चित करायें, अन्यथा की स्थिति में उक्त कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव व मास्टर ट्रेनर व मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

---

शिकायत पर देखने जिलाधिकारी पहुंचे

# आजादपुरा में साफ-सफाई का डीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी अमनदीप डुली व उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार द्वारा शहर के मोहल्ला आजादपुरा तृतीय वार्ड नंबर 12 के दम्मू कुआं के पीछे वाली गली में जलभराव की समस्या एवं साफ सफाई की समस्या के निराकरण के लिए निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा बताया गया है कि इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, विशेषकर बरसात के मौसम में बारिश से गलियां पानी से सराबोर हो जाती है, जिससे मोहल्लेवासियों का निकलना दूभर हो जाता है। जल भराव की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका की अवर अभियंता को तत्काल मौके पर बुलाकर पम्पिंग सेट रखकर जल भराव की समस्या का निराकरण कराते हुए अवर अभियंता को निर्देश दिये कि इस मोहल्ले में जल निकासी की समस्या को दूर कराने एवं सडक के दोनों तरफ नालियों को बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये, जिससे कि इस समस्या का स्थाई निराकरण हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विशेष अभियान चलाकर टीमों को लगाते हुए साफ सफाई कराई जाए, प्रतिदिन दलेल लगाई जाए, जिससे कि साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो सके व गली में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने पाया कि जगह जगह विद्युत तार लटक रहे है, मोहल्ले में विद्युत पोल न होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है, जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश देते हुए मौका मुआयना कर विद्युत पोल लगाये जाने एवं लटक रहे तारों को व्यवस्थित कराये जाने के निर्देश दिये।

मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी सदर प्रशासक मनीष कुमार द्वारा मौके पर मौजूद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि उनके द्वारा प्रतिदिन मोहल्ले का निरीक्षण कर मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाये। इस मौके पर कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी, ओएसडी अनिल दीक्षित, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

---

मोहल्लेवासियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# सड़क निर्माण को जल्द पूर्ण कराए जाने की मांग



**ललितपुर।** हाई-वे से करीब सात सौ मीटर दूर बसे मोहल्ला मथुरानगर में जिला पंचायत से पास हुयी सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली को एक ज्ञापन सौंपा है। बताया कि पनारी नहर पर सड़क से मिलने वाले स्थान व दूसरी ओर मसौराकलां गांव के दोनों मौजाओं के मिलन पर रास्ता है, जो कि हाई-वे से 700 मीटर दूरी पर मोहल्ला मथुरानगर बसा है, जो कि कच्चा है, यहां से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां होती हैं। आरोप है कि यहां के लिए जिला पंचायत से सड़क पास हो गयी है, लेकिन यहां रहने वाले एक दबंग व्यक्ति द्वारा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कोई बीमार व्यक्ति अस्पताल नहीं जा पा रहा है, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी है और बुजुर्गों-महिलाओं को भी दिक्कतें उठानी पड़ रहीं हैं। इसलिए मोहल्लेवासियों ने जिला पंचायत से पास सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कपूर सिंह पटेल, बालकिशन, मोनू नायक, रानू, वंशी, महेश, रामसिंह पटेल, शकुंतला सहरिया, दशरथ, रामलाल, राजकुमार, जितेन्द्र सिंह, अभी, अनु राजा, बृगभान सिंह, हरिओम सहरिया, राहुल, राजा, अवधेश, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

---

एफडी बनाकर रकम दुगनी करने के मामले थम नहीं रहे


# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर विधवा महिला से सवा लाख रुपए की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**ललितपुर।** एक और चिटफण्ड कम्पनी द्वारा विधवा महिला से कम समय में रकम दोगुनी करने का प्रलोभन देकर करीब सवा लाख रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज न किये जाने और कार्रवाई न होने से पीड़ित महिला ने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर थाना जाखलौन पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत कस्बा निवासी गनेशी पत्नी स्व.भगुन्ता ने सीजेएम न्यायालय में दावा पेश किया है। उसने न्यायालय को बताया कि ग्राम हरपुरा निवासी धनीराम पुत्र गज्जू अहिरवार वर्ष 2014 के अप्रैल माह में उसके पास आया और उससे कहा कि वह एलआरएन फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी का एजेण्ट है और उसकी कम्पनी कम समय में अधिक ब्याज देती है। कहा कि एफ.डी. करा लो, जिसमें कम्पनी पांच वर्ष में दोगुना रुपया करती है और समय से रुपये वापस कर देती है। पीड़िता ने बताया कि सामाजिक जान-पहचान होने के कारण वह विश्वास में आ गयी और धनीराम ने एक एफ.डी. एप्लीकेशन नम्बर 127572 जिसके दस्तावेज, प्रमाण पत्र संख्या 00380061 दिनांक 22 मई 2014 राशि 1.25 लाख रुपये उससे लेकर जमा किये और एफ.डी. खोलने के प्रपत्र तैयार किये, जिसमें परिपक्वता तिथि 21 मई 2019 थी, जो कि पूर्ण हो चुकी है। महिला ने बताया कि एफडी की अवधि पूर्ण होने के बाद जब उसने धनीराम से सम्पर्क किया तो वह टाल मटोल करता रहा और कहता रहा कि तुम्हारी परिपक्वता तिथि पूरी हो गयी है, अब अतिरिक्त समय होने पर अधिक धनराशि मिलेगी। पीड़िता ने बताया कि 18 जून 2025 को शाम 4 बजे वह धनीराम के घर पहुंची और रुपये वापस मांगे तो धनीराम ने रकम न लौटने की बात कहते हुये उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया और धमकाया। मामले की शिकायत पीड़िता ने जनसुनवाई पोर्टल पर की व 30 जून को एसपी को रजिस्टर्ड डाक से भेजी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धनीराम के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती

# आदिकवि वाल्मीकि भारतीय आत्मा गरिमा तथा प्रतिभा के प्रतिनिधि



**ललितपुर।** आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि बुन्देलखण्ड में आने पर श्रीराम को चित्रकूट पर्वत की छटा और घटा देखकर और यहां के छलरहित वनवासियों के सच्चे प्यार को देखकर वे सीताजी से कहते हैं राज्य भ्रंशनंम भद्रे , न सुहृदिम विर्ना भवः , मनोमेवाधते दृष्टवा रमणीय मिमं गिरिम यानि इस रमणीय चित्रकूट पर्वत को देखकर राज्य के छूटने का भी मुझे ( कैसा उच्चादर्श ) दुख नहीं होता और सुहृदों के पास दूर रहना कष्टप्रद लगता है ।

वैदिक काव्य की देवोपासना के होते हुए भी महर्षि ने पहले पहल मानव- चरित्र को अपने काव्य में प्रधानता दी है। इसीलिए उनके मानवप्रधान महाकाव्य में, मनुष्य की शक्ति के साथ- साथ उसकी असमर्थता और वेदना की फूल-शूलमयी परिस्थितियों को कलात्मकता के साथ चित्रित किया गया है। वाल्मीकि का नैतिक धरातल बहुत ऊंचा है । वह मानव चरित्र के पंडित होते हुए भी आदर्शवादी हैं । मृत्यु के लिए यहां इतना भय नहीं है , इस जीवन में ही मनुष्य की पीड़ा उनके काव्य का परम सत्य है । यहां कविता का जन्म इन्द्र या वरुण की उपासना में नहीं माना गया है ,वरन क्रौंच पक्षी के मारे जाने से उसकी संगिनी के आर्तनाद से ऋषि के हृदय में उत्पन्न होने वाले क्रोध और करुणा से माना गया है । शोकः श्लोक त्वमागतः कवि का शोक ही श्लोक बन गया। सर्वत्र कवि के चरित्र श्वेत या श्याम न होकर मानवीय हैं ,और इसी में सत्य तथा कला के सहज दर्शन हो जाते हैं । देश की आरण्यक त्यागमय संस्कृति वाल्मीकि के एक-एक शब्द में प्रस्फुटित है । राम के वनवास जाने का जब कौशल्या जी को मालूम हुआ तब उन्होंने पूछा कि पिता की आज्ञा तो मिल गई लेकिन मां की भी आज्ञा मिली है ? तब राम ने सहज भाव से कहा, हां मिल गई ।यानी केकई माँ की। तब माँ कहती हैं -अच्छी बात है - सुखं गच्छ । सुख पूर्वक जाओ ।परंतु लक्ष्मण की मां अपने बेटे को हिदायत देतीं हैं कि वन में राम को दशरथ और सीता को माता ,और जंगल को अयोध्या समझना ।

आदिकवि भारतीय आत्मा ,गरिमा तथा प्रतिभा के महान प्रतिनिधि थे । उन्होंने संघर्षरत मनुष्य की आकांक्षाओं ,आशाओं निराशाओं को सजीव वाणी दी । चारित्रयेण च कोयुक्तः इस भारी प्रश्न का उत्तर ही राम का जीवन है । वाल्मीकि ने राम की व्याख्या करते हुए कहा है - रामोविग्रहवान धर्मः अर्थात धर्म का मूर्तिमान रूप राम हैं। आदिकवि चरित्र और धर्म को समान मानते हुए कहते हैं राम सदा रहने वाले धर्म वृक्ष के बीज हैं । और सभी मनुष्य उस वृक्ष के पत्ते और फल हैं ।

---

महिला सशक्तीकरण पर मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

# अंकिता का एक दिन की प्राचार्य बनाने चयन

**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में शासन द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस परिप्रेक्ष में कॉलेज में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्राओं में छात्रा अंकिता तिवारी बी०ए० तृतीय वर्ष को चयन समिति द्वारा एक दिन की प्राचार्य बनाने के लिये चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को समाज, घर और कार्यस्थल में नेतृत्व करने, निर्णय लेने और अपनी चुनौतियों का स्वतंत्र रूप से सामना करने के लिये सशक्त बनाती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर, अधिकार और नियंत्रण प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें, उचित निर्णय ले सकें और सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व पारिवारिक स्तर पर समाज के विकास में समान रूप से योगदान कर सकें। भाषण प्रतियोगिता में अंकिता तिवारी बी०ए० तृतीय वर्ष प्रथम, पूनम अहिरवार पुत्री जमुना प्रसाद द्वितीय, पूनम अहिरवार पुत्री घनश्याम एवं आस्था साहू तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अभिषेक शुक्ला ने किया।

---

### पठानकोट एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला सीहोर अंतर्गत सातदेव नसरूल्लागंज निवासी जितेन्द्र दोगने पुत्र जगदीश ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ट्रेन संख्या 11058 पठानकोट एक्सप्रेस के कोच नं. एम-1 की बर्थ संख्या 38 पर यात्रा कर रहा था। रात करीब 9 बजे वह अपना मोबाइल फोन तकिया के नीच रखकर सो गया। सुबह करीब 6.15 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

---

# ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मारी घायल दंपती में पति की मौत

**ललितपुर।** ग्राम बमराना व हाल नई बस्ती निवासी सुप्रिया उर्फ रजनी पत्नी संजय कुमार टोंटे ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह अपने पति के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 3420 से ललितपुर अपनी रिश्तेदारी में सिंदवाहा जा रहे थे। तभी बिरधा में हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे ट्रक संख्या आर.जे.32 जी.डी. 2060 के चालक ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति और वह जमीन पर गिरकर घायल हो गये व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों ने 108 एम्ब्युलेंस के जरिए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में भर्ती कराया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। जिला अस्पताल में उपचार के उपरान्त उसके पति को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसके पति की मौत हो गयी और उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

बुंदेलखंड की धारा के एक और सपूत ने किया नाम रोशन

# महरौनी से वैश्विक खोजों तक कैंसर रिसर्च में अर्जुन की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत की चहल-पहल भरी गलियों से लेकर द यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर तक का सफर अर्जुन सिंह कटैलिहा के संकल्प, खोज और जिंदगियां बचाने की निष्ठा से परिभाषित होता है। म.प्र. की राजधानी भोपाल कोलार रोड के पास रहने वाले व ललितपुर जिले के महरौनी में पले-बढ़े अर्जुन सिंह ने बचपन से ही विज्ञान के प्रति गहरी लगन थी। उन्होंने संकल्पित होकर दुनिया की सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक कैंसर का समाधान खोजने में योगदान देंगे। यही जुनून उन्हें हजारों मील दूर अमेरिका ले गया, जहां वह आज ह्यूस्टन स्थित एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर की प्रयोगशालाओं में शीर्ष वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के साथ मिलकर कैंसर से लडऩे के नए रास्ते बना रहे हैं।

## टॉपपेन और एमडी एंडरसन के साथ अग्रणी कार्य

एक वैज्ञानिक के रूप में उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक रही है टॉपपैन हॉल्डिंग्स और एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर के बीच ऐतिहासिक शोध सहयोग का नेतृत्व। यह साझेदारी 1.2 मिलियन डॉलर की प्रारंभिक ग्रांट से शुरू हुई थी और आज यह बढ़कर 10 मिलियन डॉलर की रणनीतिक साझेदारी बन चुकी है। यह विस्तार टॉपपैन की अविभाज्य 3डी सेल कल्चर तकनीक की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह तकनीक कैंसर पेशेंट अवतार तैयार करती है, यानी मरीज के ट्यूमर ऊतक से सीधे उगाए गए मॉडल। इन मॉडलों पर वैज्ञानिक प्रयोगशाला में दवाओं का परीक्षण कर सकते हैं, जिससे उपचार शुरू करने से पहले ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मरीज किस दवा पर बेहतर प्रतिक्रिया देगा। इस प्रक्रिया से अनुमान और असफल कोशिशों की जरूरत घट सकती है और इलाज अधिक प्रभावी हो सकता है। इस शोध का नेतृत्व एमडी एंडरसन के विश्व-प्रसिद्ध प्रोफेसरों में डा.ग्रेगरी लिजी, डा.एरिक रिचर्ड और डा.स्कॉट कोपेट्ज द्वारा किया जा रहा है। इसका लक्ष्य है एक क्लिनिकली वैलिडेटेड, सीएलआईए-सर्टिफाइड टेस्टिंग मेथड विकसित करना, जो प्रयोगशाला नवाचार और वास्तविक क्लिनिकल देखभाल के बीच पुल का काम करेगा।

### सम्मान और उपलब्धियां

कैंसर रिसर्च में अपने योगदान के लिए अर्जुन को हाल ही में मार्क्विस हूइज-हू में शामिल होने का आमंत्रण मिला। यह सम्मान केवल उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में गहरा प्रभाव डाला हो। एक वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने 3.1 मिलियन डॉलर मूल्य की एनआईएच आर01 ग्रांट का भी नेतृत्व किया। यह प्रोजेक्ट



मेलानोमा (त्वचा कैंसर) में नए ट्यूमर-विशिष्ट लक्ष्यों की खोज पर केंद्रित है। इसके लिए विशेष तकनीकों का उपयोग कर मरीज-विशिष्ट ट्यूमर पेप्टाइड टारगेट्स की पहचान की जाती है, जिससे अगली पीढ़ी की इम्यूनोथैरेपी जैसे पेप्टाइड वैक्सीन, टीआईएल थेरेपी और टी.सी.आर.-टी सेल थेरेपी को विकसित करने का रास्ता खुलता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह ट्रांसलेशनल रिसर्च इनविवॉइड की पेशेंट अवतार अवधारणा से मेल खाती है, जिससे भविष्य में और भी सटीक और व्यक्तिगत इलाज संभव हो सकेगा।

### भविष्य की दृष्टि

आगे की योजना के तहत, टॉपपैन और एमडी एंडरसन मिलकर इनविवॉइड तकनीक को क्लिनिक में लाने के लिए सीएपी/सीएलआईए सर्टिफिकेशन और विभिन्न कैंसर प्रकारों में क्लिनिकल स्टडीज की तैयारी कर रहे हैं। पांच वर्षों में 10 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ यह साझेदारी व्यक्तिगत कैंसर उपचार को परिभाषित करने और डॉक्टरों को सर्वोत्तम निर्णय लेने में मदद करने की दिशा में बड़ा कदम है। अर्जुन सिंह कटैलिहा के लिए यह मिशन व्यक्तिगत भी है और अत्यंत महत्वाकांक्षी भी यह सुनिश्चित करना कि किसी भी मरीज की कैंसर से लड़ाई केवल अनुमान पर आधारित न हो।

### महरौनी से एमडी एंडरसन तक

अपने सफर को याद करते हुए अर्जुन कहते हैं कि हर कदम महरौनी की विनम्र शुरुआत से लेकर दुनिया के प्रमुख कैंसर रिसर्च अस्पताल की प्रयोगशालाओं तक पहुंचने तक एक ही दृष्टि से प्रेरित रहा है, कैंसर का इलाज ढूंढना। उनकी कहानी है संघर्ष, नवाचार और उम्मीद की। यह गवाही देती है कि जब जुनून उद्देश्य से मिलता है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। और जैसे-जैसे उनका काम टॉपपैन और एमडी एंडरसन के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया भी आशा से देख रही है। क्योंकि जो सफर 1.2 मिलियन डॉलर की साझेदारी से शुरू हुआ था, वह 10 मिलियन डॉलर के गठबंधन में बदल चुका है और यह संभवतः एक ऐसी वैश्विक खोज में बदल सकता है।

### स्वयंसेवक न डरा, न रुका, लक्ष्य सत्ता नहीं, चरित्र निर्माण है - प्रांत कार्यवाह हेमंत

# त्याग और तप की अखंड साधना से संघ ने पूरी की सौ वर्ष की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर रविवार को ब्यावरा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने कहा कि संघ की सौ वर्षों की यात्रा तप, त्याग और साधना की यात्रा है। अनेक दमन, उपहास और प्रतिबंधों के बावजूद संघ का स्वयंसेवक न कभी डरा, न रुका, न थमा। नगर में स्वयं सेवकों द्वारा निकाले गए पथ संचलन का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजित पथ संचलन में आठ बस्तियों के स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में भाग लिया।

सभी दल पीपल चैराहा पर एकत्र हुए, जहाँ से सामूहिक संचलन प्रारंभ हुआ। कदमताल करते स्वयंसेवक क्लब ग्राउंड पहुंचे, जहाँ मुख्य उद्बोधन हुआ। नगर के अनेक स्थानों पर स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा और स्वागत किया गया। पूरा नगर राष्ट्रभक्ति और संगठन की भावना से ओतप्रोत नजर आया। स्वयंसेवकों के कदमताल, अनुशासन और उत्साह ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।



### व्यक्ति देशभक्त और चरित्रवान नहीं होगा, राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता

प्रांत कार्यवाह सेठिया ने कहा कि संघ का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्रवान व्यक्ति निर्माण कर राष्ट्र का उत्थान करना है। व्यक्ति जब राष्ट्र के प्रति समर्पित और नीति-निष्ठ होती है, तभी देश का संचालन सशक्त रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा "जब तक व्यक्ति देशभक्त और चरित्रवान नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता।" इस वर्ष गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के 350 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। गुरु परंपरा ने सदैव समाज को दिशा दी है। असंख्य पीढ़ियों ने इस संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन अर्पित किया है।

### संघ पर दमन, फिर भी दृढ़ संकल्प




सेठिया ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने 1925 में जब एक कमरे में संघ की स्थापना की, तब यह विचार किया कि आजादी के बाद देश एकजुट कैसे रहेगा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाया गया, हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डाला गया, परंतु संघ कुंदन बनकर निकला। 1962 के भारत-चीन युद्ध में संघ की भूमिका पर सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड में संघ को आमंत्रित किया। आपातकाल में भी हजारों स्वयंसेवक जेल गए, लेकिन संघ नहीं झुका।

### मूल भूलने से आई दुर्बलता

इतिहास के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति असफल हुई, पर सावरकर से लेकर सुभाष चंद्र बोस तक क्रांति की श्रृंखला जारी रही। हमारी कमजोरी यह रही कि हम अपने वेद-पुराण आधारित मूल संस्कारों को भूल गए। संघ ने समाज को उसके मूल स्वरूप और सनातन जीवनदृष्टि की ओर लौटाने का कार्य किया है।

### संघ कार्य सात्विक प्रेम और समरसता पर आधारित

उन्होंने कहा कि संघ का कार्य शुद्ध सात्विक प्रेम और सामाजिक समरसता पर आधारित है। आज समाज संघ के साथ कदमताल कर रहा है। "हिंदू एक नहीं हो सकते" यह मिथक संघ ने तोड़ा है। मत अलग हो सकते हैं, लेकिन मन में भेद नहीं होना चाहिए। यही संघ की भावना है।

### संघ के 100 वर्षों के लक्ष्य पांच परिवर्तन

सेठिया ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में समाज में पाँच प्रमुख परिवर्तन लाने का लक्ष्य है - स्व का बोध और स्वाभिमान जागरण, सामाजिक समरसता का विस्तार, स्वदेशी जीवनशैली का प्रचार, पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध का प्रसार। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, अब समय है भगवान राम के जीवन मूल्यों को समाज में उतारने का। समाज में फैली खाई को पाटना और समरसता का भाव जगाना ही सच्चा राष्ट्रकार्य है।

### स्वदेशी, पर्यावरण और स्वावलंबन पर बल

सेठिया ने कहा कि भारत मांगने वालों का नहीं, बल्कि दानदाताओं का देश है। खेती स्वाधारित और विषमुक्त होनी चाहिए। जल, पेड़-पौधों और पर्यावरण का संरक्षण आज के समाज की प्राथमिकता बननी चाहिए। हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज के प्रति जवाबदेही निभानी होगी।

### निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प

अंत में उन्होंने कहा कि यह समय अनुकूल है कृ जिस क्षितिज को पाने के लिए संघ चला था, वह अब सामने है। "चरैवेति चरैवेति" की भावना से समाज को आत्मगौरव और परम वैभव के मार्ग पर आगे बढ़ाना ही संघ की दिशा है।

# सीएमओ की सफाई व्यवस्था से नपा अध्यक्ष संतुष्ट नहीं, लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री को पत्र लिखकर लेख किया है कि विगत तीन माह में लगातार कई बार मौखिक रूप से अवगत कराने के पश्चात तथा पार्षदों व आम नागरिकों द्वारा शिकायत करने के बाद भी विगत दो तीन माह से शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पा रही है। विगत माह सम्माननीय जैन समाज द्वारा भी इस संबंध में विरोध दर्ज कराया गया था, उसके बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। समाचार पत्रों में भी लगातार स्वच्छता के संबध में निगेटिव समाचार आने से नगर पालिका गुना की छवि धूमिल हो रही है। विगत तीन वर्षों में जो भी सीएमओ गुना नगर पालिका में रहे हैं, तब भी ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई और न ही इतने शाखा परिवर्तन आदेश किसी भी सीएमओ द्वारा जारी किए गए जितने आदेश विगत तीन-चार माह में जारी किए गए। संविदा श्रमिकों को इतनी जवाबदारी किसी भी सीएमओ ने नहीं दी।

वर्तमान में देखने में आ रहा है कि किसी भी वार्ड के दरोगा को बदल दिया जाता है, सफाई कर्मचारियों को बिना किसी संज्ञान के इधर से उधर कर गया है, जिससे पार्षदों में भी असंतोष है। स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज आदेश दिनांक 1/9/ 2025 को नितिन चंदेल उपयंत्री को दिया गया था, जिसे बदलकर अब नया आदेश दिनांक 3/10/2025 को स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार शिवराज सिंह सिकरवार (यूडीसी ) को दिया गया है।




इसी प्रकार संविदा श्रमिक अमन सोनी को वाहन प्रभारी का चार्ज दिया गया था, विगत दो माह पूर्व फर्जी हस्ताक्षर कर ट्रांसफर आदेश सीएमओ की तरफ से जारी करने के आरोप में अमन सोनी को बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद भी संविदा श्रमिक को जवाबदारी देने के आदेश जारी किए जा रहे हैं, डिफेंस जादौन को निकाय की चार शाखाओं का प्रभार दिये जाने के आदेश जारी किये गए जिनमें पीडब्लूडी शाखा, डीजल पेट्रोल शाखा,फायर ब्रिगेड शाखा तथा अतिक्रमण शाखा में स्पॉट फाइन में रखा गया है, जबकि इसके पूर्व एक भी शाखा में कोई भी जबावदारी नहीं दी गई थी। नियमित कर्मचारियों, अधिकारियों की अनदेखी की जा रही है, इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से कोई बात भी नहीं की जा रही।

# संघ का पथ संचलन निकाला, नगर में गूंजे राष्ट्रभक्ति के जयघोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप लीमाचैहान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को भव्य पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश नारायण खजुरिया ने की, जबकि प्रमुख वक्ता के रूप में विश्वास जी (खंड प्रचारक) उपस्थित रहे। पथ संचलन का शुभारंभ काशी विश्वनाथ धर्मशाला से हुआ, जो लीमाचैहान के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में कदमताल करते हुए देशभक्ति के नारे लगाते चले। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संघ के स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ता विश्वास ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, संस्कृति और सेवा भावना को सशक्त बनाना है। अंत में प्रार्थना के साथ संचलन का समापन हुआ।

### शुरुआती दौर में गैस एवं लालटेन के उजाले में रामलीला

# नगर की रामलीला का अपना महत्वपूर्ण इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

चौपड़ा बाजार बांके बिहारी मंदिर के यहां पर श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला का मंचन शुरू हुआ था जो विगत 53 वर्षों से निरंतर जारी है।तत्कालीन समय में चैपड़ा बाजार में गणेश मंडल के नाम से झांकियां बनाई जाती थी, जिसके अध्यक्ष श्रीनाथ बरोंज व कोषाध्यक्ष बद्रीलाल करोड़िया थे।

उस दौरान झांकियां के खर्च पर राशि कीआवश्यकता अधिक पड़ने लगी, तब रामेश्वर तिवारी, महेंद्र शर्मा एवं शंभू चैरसिया नामक युवक जो झांकी में सहयोगी थे, वह स्वर्गीय श्रीनिवासदास वैध के पास चर्चा करने गये तब वैद्य ने बिना खर्च के नवीन रास्ता बताया कि प्रसिद्धि भी मिलेगी, रामलीला करो उसमें पैसा अपने आप आएगा और नगर के शिक्षक स्वर्गीय बालमुकुन्द दॉंती मास्टर को बुलाया तथा आपस में चर्चा कर तय हुआ कि रामलीला शुरू करे नवरात्रि में दशहरे तक परंतु समान की आवश्यकता रामलीला में पड़ेगी तो दॉंती मास्टर ने कहा कि पीपल्दा की रामलीला बंद हो चुकी है। सामान वहां से आ जावेगा। इस दौरान नगर के कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के नागरिकों ने मीटिंग में रामलीला करना तय किया और सन 1973 से चैपड़ा बाजार में बांके बिहारी जी के मंदिर के समक्ष रामलीला प्रारंभ हुई। जिसमें राम का किरदार रामेश्वर तिवारी, लक्ष्मण - स्वर्गीय डॉक्टर गिरीश वैध , सीता - -गिरधारी योगी , हनुमान - स्व रमेशचंद्र शर्मा मास्टर , रावण - पूर्व विधायक स्वर्गीय नारायण सिंह पवांर सहित स्वर्गीय ओंकारलाल शर्मा, सालिगराम मिश्रा, श्रीलाल महाराज, बंशीधर मास्टर, प्रहलाद भावसार परोलिया, प्रहलाद भावसार होटल वाले, हीरालाल कुशवाह, करेड़ी वाले पटवारी इन लोगों ने पात्र के रूप में रामलीला की नींव बनकर शुरुआत की।

शुरूआती दौर में विधुत का अभाव था ऐसे में गैंस एवं लालटेन के उजाले में तथा यहां तक कि दर्शनार्थी अपने बैठने की व्यवस्था याने बिछाने का साथ लेकर आते थे। अध्यक्ष पद पर श्रीनाथ बरोंज जो कि तत्कालीन समय में आर्थिक रूप से मदद करते थे। मांगीलाल करोड़िया, बद्रीलाल करोड़िया एवं वर्तमान में पूर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित रामलीला मण्डल के अध्यक्ष है। राम राजतिलक के समय मण्डल के सबसे वरिष्ठ 88 वर्षीय सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक बद्रीनारायण आचार्य , संचालनकर्ता 82 वर्षीय मोहनलाल पुष्पद का साल फुल माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया तथा व्यास गादी बालमुकुंद वैष्णव , गोपाल आचार्य , देवीलाल चैहान का माला पहनाकर स्वागत किया। राम बारात के भोजन की व्यवस्था खाड़ी सेवादल समिति द्वारा तथा विगत दस वर्षों से राजतिलक में फुल माला कि व्यवस्था समाजसेवी दिनेश जमींदार करते हैं एवं राम बारात कुशवाहा मोहल्ला श्री राम मंदिर से शुरू की गई । रामलीला प्रारम्भ हुई तो एक माह तक दिखाई जाती थी कुछ वर्षों से 16 दिवसीय आयोजन होता है।

### निर्मल जैन प्रचार मंत्री नियुक्त

# श्री बड़माता मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने की नई नियुक्तियां



**सारंगपुर।** श्री बड़माता मंदिर संस्थान ट्रस्ट (रजि.) मुंडवा, जिला नागौर (राजस्थान) के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार लोढ़ा (जैन) ने सकल जैन समाज सारंगपुर के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा (जैन) को पुनः मंत्री नियुक्त करते हुए देशभर में प्रचार-प्रसार का कार्य सौंपा है।उल्लेखनीय है कि ओसवाल लोढ़ा गोत्र की कुलदेवी मातारानी श्री बड़माता जी का मंदिर राजस्थान के नागौर जिले में स्थित है। यह प्राचीन मंदिर विशाल धर्मशालाओं और निःशुल्क भोजनशाला के लिए प्रसिद्ध है। हजारों वर्ष पुराने इस मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ शीघ्र होने जा रहा है। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार लोढ़ा ने वर्तमान में तीन पदाधिकारियों की घोषणा की है जिसमें महामंत्रीरू प्रकाशचंद लोढ़ा नाडसर, राजस्थान कोषाध्यक्ष अशोक सुवालाल लोढ़ा (पुणे) मंत्रीरू निर्मल लोढ़ा (जैन) सारंगपुर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मेघराज जैन, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, तथा सकल जैन समाज के मंत्री सुधीर श्रीमाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन करवाकर मनाया जन्मदिवस



**राजगढ़।** जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ इत्यादि अवसरों पर लोग रेस्टोरेंट, पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर विशेष दिन को सेलीब्रेट करते हैं। लेकिन नगर के कुछ सेवाभावी गोसेवकों द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी पंडित आशीष हरिचरण तिवारी का जन्मदिवस वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच पहुंचकर मनाया गया। अपनों के प्यार से वंचित वृद्धजनों को परायों से प्रेम एवं स्नेह मिलने पर वे भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर मां जालपा गौशाला समिति के सदस्यों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को न केवल भोजन करवाया बल्कि भविष्य में किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क करने की बात भी कही। समिति अध्यक्ष चेतराम गुर्जर, उपाध्यक्ष देवसिंह, सचिव कुलदीप, दीपक पिपलोटिया, महेश गुर्जर, अभिषेक तंवर, सुनील नायक मौजूद रहे।

# आरएसएस का 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



मंडल जमुनिया गोप चैहान के ग्राम माना में निकाला पथ संचलन वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर 101 वे वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर मंडल स्तर पर संचलन आयोजित हुआ पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों की वाहिनी ध्वज वाहिनी घोष की धुन पर कदमताल करते हुए ग्राम के विभिन्न मोहल्लो और कॉलोनी से होते हुए करीब 3 किलोमीटर तक संचलन निकला माना हाई स्कूल से शुरू होकर पथ संचलन मुख्य मार्गो से होकर गुजरा ।कई जगह तोरण द्वार सजाए गए और ग्राम में भगवा ध्वज लहरा रहे थे विशेष कर बच्चों द्वारा बुजुर्गों द्वारा पुष्पवर्षा कर समापन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी खंड कार्यवाह कमलेश जी तिवारी का उध्बोधन स्वयं सेवकों को प्राप्त हुआ मंडल कार्यवाह सुनील जी पटेल खंड सेवा प्रमुख प्रमोद कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

# बड़ाबाग में भंडारा संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने किया भोजन ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में नवरात्री पर्व के समापन अवसर नगर के प्राचीन सिद्ध स्थल महावीर आश्रम बड़ाबाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भंडारे की शुरुआत कन्या पूजन से की गई। इस दौरान सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराया गया तत्पश्चात नागरिकों का भंडारा शुरू हुआ जो सायंकाल पांच बजे से देर रात्रि तक चला जिसमे हजारों पुरुष महिलाओं बच्चों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर भंडारे की व्यवस्था में महावीर आश्रम सेवा समिति एवम गरबा उत्सव समिति के सदस्य गण व धर्म प्रेमी नागरिको ने संभाली।

गौरतलब हैं की बड़ाबाग में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के समापन के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमे गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोजूद रहे।

### गांव का नाम बदलकर निपानिया देव करने पर विधायक की सराहना

# विधायक ने निपानिया देव में 3 करोड़ 84 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

ग्राम निपानिया देव में करीब 3 करोड़ 84 लाख के विकास कार्यों का कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने भूमिपूजन व लोकार्पण किया। रविवार को कालापीपल विधानसभा के ग्राम निपानिया देव में भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भंवरसिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष लीलाधर गौड़ सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। वहीं आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने करीब 3 करोड़ 71 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बनने वाले निपानिया देव से सेमला जोड़ सड़क का भूमि पूजन किया। वही गांव में 7 लाख 80 हजार रुपए की लागत से बने आंगनवाड़ी भवन व 5 लाख की लागत के टीन शेड का लोकार्पण किया गया। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने करीब 3 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत की राशि के भूमिपूजन व लोकार्पण किए। वहीं नवाबी शासन काल से प्रचलित गांव का नाम निपानिया हिसामुद्दीन का उपनाम हिसामुद्दीन के स्थान निपानिया देव करवाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने समस्त ग्राम वासियों ने विधायक घनश्याम चंद्रवंशी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना। आयोजित कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारियों का साफा व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

ग्राम पंचायत निपानिया देव के उप सरपंच संदीप गेहलोत ने अभिनन्दन सह आभार पत्र का वाचन किया, सरपंच लखन भिलाला,उप सरपंच संदीप गेहलोत, सचिव रूपसिंह राजपूत, सहायक सचिव कमल राजपूत व मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह राजपूत, युवा मोर्चा मंडल मंत्री मनीषसिंह राजपूत ने अभिनंदन सह आभार पत्र विधायक घनश्याम चंद्रवंशी को भेंट किया।

### मैने शपथ के बाद पहला काम गांव का नाम बदलने का किया : चंद्रवंशी



विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि मैंने विधायक पद की शपथ लेने के बाद पहला काम गांव का नाम परिवर्तन करवाने का किया है। निपानिया देव को सभी निपानिया देव के नाम से ही जानते है लेकिन कागजों में निपानिया हिसामुद्दीन है जो कि इतिहास के पन्नों से भी धीरे धीरे मिटाया जा रहा हैं। सड़क, सीमेंट कांक्रीट ये सब तो होते रहते हैं लेकिन गांव का नाम निपानिया देव किया जाना यह आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी यह बहुत बड़ा काम हुआ है। वहीं निपानिया देव से सेमला जोड़ तक की सड़क की समस्या से ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है,क्योंकि यह रोड़ गांव को आष्टा शुजालपुर नेशनल हाईवे से जोड़ेगा इससे गांव में विकास की नई राह खुलेगी। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में बिल पत्र का पौधारोपण किया गया।

### कांग्रेस पर जमके बरसे विधायक चंद्रवंशी

विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे विरोधी कहते हैं इन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया,में कहता हूं यदि हमारी सरकार ने अन्य पार्टी की सरकारों की तुलना में यदि कम किया हो तो हमें कटघड़े में खड़ा कर देना पहले अपने आप मंथन कर लो कि बीजेपी ने कितना काम किसानों के लिए किया है,भारतीय जनता पार्टी किसान हितैषी पार्टी हैं,अभी सोयाबीन खराब हुई हमने तुरंत सर्वे करवाने का काम किया है। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि में किसान का बेटा हु तो मुझे पता है किसान को कब पैसे की आवश्यकता होती हैं और वो ब्याज से पैसे लेने के लिए साहूकार के पास जाता हैं,इसके पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम कम ब्याजदर पर ऋण देने का किया। इसके साथ ही कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग लाड़ली बहनों को बोरियो में भरने की बात करते हैं इनकी मति भ्रष्ट हो चुकी हैं। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं कि लाड़ली बहनों को जो पैसे मिलते हैं उससे महिलाएं शराब पीती हैं ये सोच कांग्रेस की है ।हमारी सोच ये कि हम जो पैसे देते उससे बहन अपने बच्चों के लिए इस्तमाल करेगी,ओर राखी का त्यौहार अच्छे से मनाएगी। इसके साथ ही विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि विपक्ष के लोग बाते करते हैं कि विधायक ने जमीन खरीद ली कॉलोनी काट दी,में जनता से कहता हु यदि मैने जमीन खरीदी हो या कॉलोनी काटी हो तो आप सभी उस पर कब्जा कर लो मुझे कोई आपत्ति नहीं है ये सब बाते फैलाने का काम विरोधी कर रहे हैं।